हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 16 मार्च 2025

### रोज़े की फज़ीलत

खास कर रमज़ान के रोज़े के बारे में इरशादे नबवी सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम है कि शर'अन जिसे रोज़ा छोड़ने की इजाज़त ना हो और आजिज़ करने वाला मर्ज़ भी लाहक़ ना हो उसने अगर रमज़ान का एक रोज़ा छोड़ दिया तो उम्र भर रोज़े रखने से भी उस एक रोज़े की तलाफी ना होगी अगरचे (बतौर कज़ा) उम्र भर रोज़े भी रख ले (रवाह अहमद व तिर्मीजी, अबु दाऊद व इब्ने माजा व दारमी व मिश्कात) हुज़ूरे अकरम सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम ने रोज़े के बारे में यह भी इरशाद फ़रमाया कि इंसान के हर अमल का अजर (कम से कम) 10 गुना बढ़ा दिया जाता है (लेकिन) रोज़े के बारे में अल्लाह तआ़ला का इरशाद है कि रोज़ा इस कानून से मुस्तसना है क्योंकि वह ख़ास मेरे लिए हैं और मैं ही इसकी जज़ा दूंगा बंदा मेरी वजह से अपनी ख्वाहिशों को और खाने-पीने को छोड़ देता है (बुख़ारी व मुस्लिम).

# फार्मा उद्योग में रोजगार के भरपूर अवसर: नितिन गडकरी

## सेंट्रल इंडिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी का दीक्षांत समारोह






**नागपुर.** फार्मा उद्योग में कई नए शोध हो रहे हैं। इस क्षेत्र की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को भी नए प्रयोगों और अनुसंधानों पर जोर देना चाहिए। नागपुर में बड़े पैमाने पर फार्मा उद्योग स्थापित हो रहे हैं। कई कंपनियों ने अपना कार्य शुरू कर दिया है, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार (15 मार्च) को कही।

नागपुर के लोणारा स्थित सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के अंतिम वर्ष के छात्रों का दीक्षांत समारोह वनामती सभागार में आयोजित किया गया था। इस दौरान नितिन गडकरी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, मुंबई की अंजुमन इस्लाम संस्था के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. जहीर काजी, प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव चौधरी और पूर्व मंत्री अनीस अहमद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। गडकरी ने कहा कि "नागपुर में फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। इसमें फार्मेसी छात्रों की अहम भूमिका होगी। छात्रों को केवल ज्ञान अर्जित करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उद्यमशीलता अपनाकर खुद रोजगार देने वाले और रोजगार सृजक बनना चाहिए। इससे विदर्भ के आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा।"

### शिक्षा को शेरनी का दूध कहा था

उन्होंने आगे कहा कि "डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने शिक्षा को शेरनी का दूध कहा था। शिक्षा से सिर्फ एक विद्यार्थी का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का विकास होता है। ज्ञान में इतनी ताकत होती है कि यह पूरे समाज को आगे बढ़ा सकता है।" गडकरी ने यह भी कहा कि कोई व्यक्ति अपनी जाति या धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि अपने गुणों के आधार पर बड़ा बनता है। इसलिए मुस्लिम समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा लेकर समाज की सेवा करनी चाहिए।

# रेस्टोरेंट और एटीएम में लगी आग

> होली के जश्न में मची अफरा-तफरी

**नागपुर.** होली के रंगों में डूबे नागपुर शहर में अचानक दो जगह आग लगने की घटनाओं से हड़कंप मच गया। प्रतापनगर स्थित राम भंडार रेस्टोरेंट और सिविल लाइंस स्थित एसबीआई मेन ब्रांच के एटीएम में आग लग गई, जिससे अग्निशमन विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी। होली के दिन सुबह करीब 10:35 बजे अग्निशमन विभाग को सूचना मिली कि प्रतापनगर के राम भंडार रेस्टोरेंट में धमाके के साथ आग लग गई है। तुरंत ही दो फायर ब्रिगेड को मौके पर भेजा गया। बताया जा रहा है कि डीप फ्रीजर एयर कम्प्रेसर के फटने के कारण यह आग लगी। गनीमत रही कि होली की वजह से रेस्टोरेंट बंद था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, फर्नीचर समेत रेस्टोरेंट का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। दमकल विभाग ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**एसबीआई एटीएम में भी लगी आग**

इसके पहले सुबह करीब 9:56 बजे रेलवे स्टेशन के पास स्थित एसबीआई मेन ब्रांच के एटीएम से धुआं निकलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में एटीएम के अंदर रखा एसी, फैन, टेबल, चेयर और एक टेबल फैन जल गया। हालांकि, एटीएम में रखी नगदी को कोई नुकसान नहीं हुआ। दोनों घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन संपत्ति को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

# अमरावती-मुंबई-अमरावती विमान सेवा इसी माह से होगी शुरू

> अमरावती हवाई अड्डे को हवाई अड्डा प्रमाण-पत्र प्रदान

**नागपुर.**

नागरी विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अमरावती हवाई अड्डे को हवाई अड्डा प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। यह 31 मार्च से वाणिज्यिक हवाई सेवाओं को पुनः आरंभ करने की दिशा में एक और कदम है। खबर है कि एलायंस एयर अमरावती से मुंबई-अमरावती-मुंबई उड़ान सेवा शुरू करेगी।




जट में वित्त मंत्री अजित पवार ने घोषणा की थी कि अमरावती हवाई अड्डा 31 मार्च से चालू हो जाएगा। हवाई अड्डे को व्यावसायिक रूप से चालू करने के प्रयास चल रहे हैं। जल्द ही एलायंस एयर की उड़ानें शुरू होंगी। पिछले कुछ वर्ष से महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास कंपनी (एमएडीसी) के माध्यम से अमरावती हवाई अड्डे को व्यावसायिक रूप से चालू करने के प्रयास चल रहे हैं। कुछ दिन पहले अमरावती हवाई अड्डे के रनवे के पास प्रिसीजन अप्रोच पाथ इंडिकेटर (पापि) प्रणाली का सफल परीक्षण किया गया था। अब डीजीसीए ने एयरोड्रम सर्टिफिकेट जारी कर दिया है।

### सीएम को प्रमाण-पत्र सौंपा

डीजीसीए से लाइसेंस प्राप्त होने के बाद अब अमरावती हवाई अड्डे से हवाई उड़ानों का रास्ता साफ हो गया है। एलायंस एयर की अमरावती-मुंबई-अमरावती उड़ान इस महीने के अंत से शुरू हो सकती है। यह प्रमाण पत्र एमएडीसी की एमडी स्वाति पांडे ने प्रतिनिधिक रूप से सीएम देवेंद्र फडणवीस को सौंपा।

# कामठी पुलिस स्टेशन को तोड़कर बनाई जाएगी सर्वसुविधायुक्त नई बिल्डिंग

> बावनकुले ने मेट्रो को नया प्रस्ताव पेश करने का दिया आदेश

**नागपुर.**

नागपुर मेट्रो के दूसरे फेज का काम बड़ी तेजी से किया जा रहा है। दूसरे चरण के तहत ऑटोमेटिव चौक से लेकर कन्हान तक मेट्रो को ले जाने का जोर-शोर से शुरू है। पिलर निर्माण के साथ मेट्रो स्टेशन बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण भी शुरू हो गया है। कामठी शहर में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन के डिजाइन में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत अब महामेट्रो भूमि के बदले कामठी पुलिस को कंट्रोल रूम सहित स्मार्ट पुलिस स्टेशन बनाकर देगा। शनिवार को पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें बावनकुले ने महामेट्रो




को नया डिजाइन पेश करने का प्रस्ताव करने का आदेश दिया। नागपुर जिला नियोजन समिति भवन में बैठक हुई। बैठक में चंद्रशेखर बावनकुले के साथ महामेट्रो के अधिकारी, नागपुर पुलिस ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। बैठक में कामठी शहर में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन निर्माण को लेकर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि, कामठी स्टेशन परिसर में मेट्रो का स्टेशन बनाने का प्रस्तावित है। इसको लेकर पुलिस विभाग द्वारा मेट्रो को भूमि भी स्थानांरित कर दिया गया है।

# ढाई साल में 1318 करोड़ रुपये टोल वसूली

>जल्द शुरू होगी मुंबई छोर की सड़क

**नागपुर.** हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे ने नागपुर से शिरडी तक महाराष्ट्र समृद्धि राजमार्ग पर स्थित 18 टोल प्लाजा पर ढाई साल में 1318 करोड़ रुपये का टोल वसूला है। जनवरी और फरवरी 2025 में 138 करोड़ रुपये का टोल वसूला गया। इसके बाद भी, यह आश्चर्य की बात है कि सड़क के किनारे सुविधाएं बनाने में कोई प्रगति नहीं हुई है। सड़क विकास निगम ने दुर्घटनाओं के विभिन्न कारण गिनाए हैं तथा इस बात से इनकार किया है कि समृद्धि राजमार्ग पर चालकों के रुकने की व्यवस्था न होने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं।

लोक निर्माण विभाग द्वारा 9 दिसंबर, 2022 को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि समृद्धि राजमार्ग पर 10 दिसंबर, 2032 तक टोल



वसूली जारी रहेगी। टोल परिचालन 11 दिसंबर 2022 से शुरू होगा। नाम न छापने की शर्त पर महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के सूत्रों के अनुसार, 26 मई 2023 से 2 टोल प्लाजा, गोंडे टोल प्लाजा और भरवीर पर और 4 मई 2024 से 1 टोल प्लाजा, इगतपुरी टोल प्लाजा पर टोल संचालन शुरू हो गया है। 2025 के जनवरी और फरवरी माह में 18 दुर्घटनाओं में 22 मौतें हुईं। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने इन दुर्घटनाओं के लिए चालक का वाहन पर नियंत्रण खोना, नींद आ जाना, टायर फट जाना, तेज गति से वाहन चलाना, वाहन में टेल लाइट न होना और लापरवाही से वाहन चलाना बताया है। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने के समय से न्यूनतम प्रतिक्रिया समय 07 मिनट तथा अधिकतम प्रतिक्रिया समय 30 मिनट है।

### 20 पेट्रोल पंप संचालित

यह सच नहीं है कि दुर्घटनाएं इसलिए होती हैं क्योंकि चालक के पास रुकने के लिए कोई जगह नहीं होती। समृद्धि हाईवे पर आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल जैसी कंपनियों के 20 पेट्रोल पंप संचालित हैं। इस स्थान पर भोजन, पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, टायर भरने और टायर पंचर मरम्मत जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, समृद्धि राजमार्ग पर 11 अन्य स्थानों पर सम्पूर्ण सड़क सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। अतः समृद्धि राजमार्ग पर कुल 30 स्थानों पर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। एमएसआरडीसी ने बताया कि, "22 स्थानों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा आठ स्थानों पर केवल पेट्रोल पंप होंगे।"

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नागपुर.** कलमना थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह दुर्घटना 14 मार्च दोपहर करीब 1 बजे रिवाज लॉन के पास पुलिया पर हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विजय रामविलास तुमरेकी (35), प्लॉट नं. 261, संघर्ष नगर, डंपिंग यार्ड के पास, वाठोडा निवासी अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान पुलिया के बाईं ओर उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई, जिससे वह नीचे गिर गए और उनके सिर पर गंभीर चोट आई।

घायल अवस्था में उन्हें मेडिकल हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 15 मार्च की रात 1:30 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक ने बाइक सवार को कुचला

**नागपुर.**

कोराडी पुलिस थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गुरुवार दोपहर 12 बजे के करीब महाराष्ट्र बैंक के सामने, बोगदा के पास सर्विस रोड पर हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पलाश ज्ञानवंत देशभ्रतार (32), महादुला निवासी गुरुवार बाजार, कोराडी, अपनी ग्लैमर मोटरसाइकिल (एम एच 40 एयू 1256) से जा रहे थे। इसी दौरान, स्कॉर्पियो कार (एम एच 19 सीव्ही 5972) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक और तेज गति से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में पलाश गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया।




घटना की सूचना मिलने पर कोराडी पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के बयान के स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी हुई है और आगे की जांच जारी है।

# करंट लगने से युवक की मौत

**नागपुर.** सक्करदरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 42 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नविन हरीनारायण शाहु (42), जो प्लॉट नं. 505, सक्करदरा चौक के पास रहते थे, सुबह 7:30 से 8:00 बजे के बीच अपने घर की पानी की मोटर चालू करने गए थे। मोटर शुरू न होने पर उन्होंने उसका टिन का कव्हर हटाया, जिससे उन्हें जोरदार करंट लग गया और वे पानी की टंकी में गिर गए।

परिजनों ने तुरंत उन्हें टंकी से बाहर निकालकर पहले मेट्रोसिटी हॉस्पिटल और फिर मेडिकल हॉस्पिटल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




# नागपुर से चंद्रपुर जा रही एसटी बस का एक्सिडेंट, कंडक्टर की मौत, 6 यात्री घायल

**नागपुर.**

शुक्रवार की रात को नागपुर से चंद्रपुर जा रही एक एसटी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस ने हाईवे पर खड़े एक वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बस में बैठे चालक को गंभीर चोट आई है, जबकि कंडक्टर की जगह पर ही मौत हो गई। गनीमत है, कि बस में 6-7 यात्री ही थे, जो घटना में घायल हुए हैं। बस नागपुर से छूटने से अधिकतम यात्री नागपुर के थे।

शुक्रवार को धूलीवंदन के कारण सुबह से ही बसों का परिचालन बंद कर रखा था। जिसका मुख्य कारण हुड़दंगियों से बसों को बचाना था। लेकिन शाम होते ही यात्रियों की उपस्थिति को देखते हुए कुछ जगहों की बसों को रवाना किया जा रहा था। जिसमें नागपुर के गणेशपेठ बस स्टैण्ड पर रात को 9 बजे चंद्रपुर डिपो से बस आई थी।



यह बस चंद्रपुर के लिए नागपुर से 7 यात्रियों को लेकर निकली थी। सूत्रों के अनुसार रात को चंद्रपुर के लिए निकली इस बस का पडोली के पास एक्सीडेंट हो गया।

बताया गया कि रास्ते के किनारे खड़े एक वाहन से बस पीछे से भीड़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी, कि बस का सामने वाला हिस्सा ड्राइवर के कैबिन से लेकर यात्रियों की पहली सीट तक चकनाचूर हो गया। बस में ड्राइवर के दिशा में टक्कर कम थी, जिससे ड्राइवर के पैर इसमें दब गये, लेकिन इसी के पास में बैठे कंडेक्टर की जगह पर मौत हो गई। भीतर 6 यात्री एक दूसरे पर पटके जाने से गंभीर चोटिल हो गये। घटना की जानकारी आस - पास के लोगों को मिलते ही सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल में भेजा गया।

### लगातार एसटी हो रही हादसों का शिकार

परिवहन में सामान्य लोगों की पहली पसंद एसटी महामंडल की बसें है। इस बसों के सहारे ही लोग शहर से गांव व गांव से शहर तक जाते हैं। एक समय ऐसा था, कि एसटी बसों को बहुत ज्यादा सुविधाजनक व सुरक्षित माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं रहा है। बसों की सुरक्षा अब कम हो गई है। यह हम नहीं लगातार दुर्घटना का शिकार होनेवाली एसटी बसों के आंकड़े बयां कर रहे हैं। सालभर की बात करे तो 50 से ज्यादा एसटी बसे दुर्घटना का शिकार हो चुकी है। जिसमें कई घटनाएं गंभीर व जांन जानेवाली है। उपरोक्त घटना भी उसी में एक है।

# खेल मैदान की सख्त जरूरत, विधायक चरणसिंह ठाकुर से युवाओं की अपेक्षाएं

## > कोंढाली नगर पंचायत के लिए खेल मैदान की मांग

**कोंढाली.**

गांव और शहरी क्षेत्रों के युवाओं, खासकर खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान बेहद जरूरी है। अनुशासन और शिक्षा के साथ-साथ मैदान में भी निपुणता हासिल करने के लिए केंद्र सरकार ने गांव-गांव में खेल मैदान विकसित करने की योजना बनाई थी, लेकिन यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित रह गई। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खेल मैदानों की भारी कमी के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए उपयुक्त स्थान नहीं मिलते।



कोंढाली नगर पंचायत के युवा और एथलीट भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। तीन वर्ष पूर्व, कोंढाली ग्राम पंचायत और स्थानीय खिलाड़ियों की मांग पर पूर्व विधायक अनिल देशमुख ने सोनेगांव के सर्वे नंबर 1 स्थित झाड़ी वाले क्षेत्र में 0.98 हेक्टेयर भूमि का निरीक्षण कर खेल मैदान के रूप में विकसित करने की पहल की थी। हालांकि, इस बीच कोंढाली ग्राम पंचायत को नगर पंचायत में परिवर्तित कर दिया गया और अब वहां प्रशासक नियुक्त कर दिए गए हैं।

वर्तमान प्रशासक धनंजय रीकर द्वारा बच्चों के लिए क्रिकेट टर्फ निर्माणाधीन है, लेकिन बड़े और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए अब नवगठित नगर पंचायत, नई सरकार और नव-निर्वाचित विधायक चरणसिंह ठाकुर से उम्मीदें बढ़ गई हैं। युवाओं ने मांग की है कि विधायक ठाकुर इस मामले में पहल करें और पालकमंत्री की अगुवाई में जिलाधिकारी, वन विभाग, खेल विभाग और नगर पंचायत प्रशासन की बैठक बुलाकर कोंढाली के युवाओं को एक आधुनिक खेल संकुल प्रदान करें। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीण भारत में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन खेल मैदानों की अनुपलब्धता इन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने से रोक रही है। खेल सिर्फ शारीरिक फिटनेस के लिए ही नहीं, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने, सामाजिक सौहार्द बढ़ाने और गरीबी से बाहर निकालने में भी मददगार होते हैं। भारत सरकार ने 'खेलो इंडिया', 'टॉप्स योजना' जैसी पहलें शुरू की हैं, जिनका ग्रामीण इलाकों में विशेष फोकस है, लेकिन जब तक खेल मैदानों की समस्या हल नहीं होगी, तब तक खेलों को संस्कृति के रूप में स्थापित करने में मुश्किलें बनी रहेंगी। करीब 20,000 की आबादी वाली कोंढाली नगर पंचायत में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। 2021-22 के दौरान ग्राम पंचायत कोंढाली ने सोनेगांव के सर्वे नंबर 1 पर खेल मैदान के लिए भूमि की मांग की थी। पहले यह भूमि कोंढाली ग्राम पंचायत के अधीन थी, लेकिन 1994-95 में इसे झाड़ीदार जंगल के रूप में वन विभाग को सौंप दिया गया।



### ठोस कदम उठाकर मैदान उपलब्धी करेंगे

हालांकि, सरकार बदलने के बाद भी कोंढाली के खेल मैदान की समस्या जैसे की तैसी बनी हुई है। अब स्थानीय युवाओं को नव-निर्वाचित विधायक चरणसिंह ठाकुर से उम्मीद है कि वे इस दिशा में ठोस कदम उठाकर कोंढाली में खेल मैदान (क्रीड़ा संकुल) उपलब्ध कराने की पहल करेंगे।

पूर्व सरपंच केशवराव धुर्वे और पूर्व उपसरपंच स्वप्निल व्यास के अनुसार, वन विभाग ने 2/3 प्रस्ताव के तहत करीब ढाई एकड़ जमीन खेल मैदान के लिए प्रस्तावित की थी। इस मामले में पूर्व विधायक अनिल देशमुख ने प्रयास किए थे, वहीं जिला परिषद सदस्य सलील देशमुख ने पूर्व खेल व युवक कल्याण राज्यमंत्री आदिती तटकरे से मुलाकात कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की थी।

# ओमनगर में पारंपरिक उल्लास के साथ हुआ होलिका दहन



**कामठी.**

रंगों के महापर्व होली का आगाज़ गुरुवार देर रात होलिका दहन के साथ हुआ। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा और उत्साह से होलिका दहन संपन्न हुआ। मंदिरों के बाहर, समाजों के चौराहों और समितियों द्वारा निर्धारित स्थलों पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार होलिका प्रज्वलित की गई। इस बार अधिकांश स्थानों पर होलिका की लपटें सीधी उठती नजर आईं, जिसे शुभ संकेत माना जाता है। बुजुर्गों के अनुसार, यह आने वाले समय में संतुलन और समृद्धि का प्रतीक है। इसी क्रम में रणाला स्थित ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा ओंकारेश्वर मंदिर परिसर पर होलिका दहन किया गया। ज्योतिषीय गणना के अनुसार शुभ मुहूर्त में अग्नि प्रज्वलित की गई। श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रसाद, ठंडाई शरबत वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया। कार्यक्रम में नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा माया चवरे प्रमुखता से मौजुद रही कार्यक्रम दौरान ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति ने इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सूखी लकड़ियों और गोबर के उपलों का उपयोग करने की अपील की थी। इस मौके पर ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, सदस्य राजेश पिल्ले, सदस्य अशोक ठाकरे, सदस्य नीलम राजकुमारसिंह बघेल, सदस्य दीपक निकोसे, सदस्य राजेश नायडू, सदस्य अद्विता घोरमाडे सहित श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, शुभ्रा बांछानिधि नंदी, चेतनदस खंडेलवाल, सोनाली बांछानिधि नंदी, शशि चेतनदास खंडेलवाल, वंदना दीपक निकोसे, सौ.वीणा सौमित्र नंदी ज्योति प्रमोद बावनकुले, स्वाति राजेश नायडू, पायल सुमित सिंधिया पाण्डेय, संजय शेंद्रे, कु.डॉ. श्रेया बांछानिधि नंदी, कु. डॉ. ऋचा दीपक निकोसे, मिथुन विश्वकर्मा, अनिल खंडेलवाल, नरेश घोड़मारे, राहुल सिंधिया पाण्डेय, सारिका विश्वकर्मा, निधि विश्वकर्मा, कु.आंचल राजकुमारसिंह बघेल, कु. रिया दीपक निकोसे, कु. जाह्नवी राजेश नायडू, कु.श्रुति सौमित्र नंदी, सौर्यांश विश्वकर्मा, मिष्टी विश्वकर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# डॉ. अनिरुद्ध मंडल ने अनुसंधान प्रणाली पर पोरवाल कॉलेज में दिया व्याख्यान

**कामठी.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज ने हाल ही में एक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें सामग्रियों और पर्यावरण विशेषज्ञों को एकत्रित किया गया। ताकि पीजी और पीएचडी शोधकर्ताओं के बीच नवोन्मेषी विचारों को बढ़ावा दिया जा सके।



इस कार्यक्रम में तातुंग विश्वविद्यालय, ताइवान और लुलेआ विश्वविद्यालय, स्वीडन के पूर्व पोस्टडॉक्टोरल फेलो डॉ. अनिरुद्ध मंडल द्वारा एक अतिथि व्याख्यान शामिल था। डॉ. अनिरुद्ध मंडल का व्याख्यान "रिसर्च मेथोडोलॉजी और केमिकल साइंसेज में पीएचडी का भविष्य" पर केंद्रित था। जिसने शोधकर्ताओं को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। रासायनिक विज्ञान के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता ने एक विचार-विमर्श को प्रेरित किया, जिससे छात्रों को रचनात्मक रूप से सोचने और शोध में नए रास्तों की खोज करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मेलन का सफलतापूर्वक संचालन डॉ. सुदीप मंडल ने किया, और इसमें प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए। जिनमें एनईईआरआई, नागपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल मालधुरे और नूतन आदर्श महाविद्यालय, उमरेड की प्राचार्य डॉ. अर्चना चौधरी शामिल हैं। कोराडी के सहयोगी प्रोफेसर डॉ. डी. एम. चाफले ने भी चर्चा में योगदान दिया। इस कार्यक्रम में पोरवाल कॉलेज के रसायन विभाग के पीएच. डी. शोधकर्ताओं की छह महीने की प्रगति रिपोर्ट भी शामिल थी। रिपोर्ट में शोधकर्ताओं की अनुसंधान प्रगति, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं को उजागर किया गया। रसायन विभाग के प्रमुख डॉ. रतीराम चौधरी और फैकल्टी सदस्य डॉ. मंजिरी नागमोते ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसके पोर्वाल कॉलेज के प्रबंधन और प्राचार्य ने कार्यक्रम को समर्थन दिया।

छात्रों के बीच अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दिया। सम्मेलन ने पीएच.डी. शोधकर्ताओं के लिए क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों से मार्गदर्शन, फीडबैक और प्रेरणा प्राप्त करने के लिए एक मूल्यवान मंच साबित किया। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करके, एसके पोरवाल कॉलेज युवा मनों को पोषित करने और अनुसंधान और शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। पोरवाल कॉलेज नागपुर में एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों के बीच अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। कॉलेज विभिन्न विषयों में अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें रसायन विज्ञान भी शामिल है और उत्कृष्टता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# खापा वनपरिक्षेत्र में शिकारी ले गए बाघ के पंजे काटकर

**नागपुर.**

जिस तरह से बाघों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उसी तरह बाघों के मौत का सिलसिला भी कायम है। कभी दुर्घटना में कभी प्राकृतिक तौर पर तो कभी शिकारियों के हाथों बाघों की मौत हो रही है। होली के दिन एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें खापा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत एक बाघ को शिकारियों ने पहले इलेक्ट्रिक करंट देकर मार डाला। फिर इसके पंजे काटे साथ ही साथ बाघ की मूंछे व दांत भी निकालकर ले गये। घटना की जानकारी वन विभाग को मिलने के बाद नागपुर की टीम घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद पोसटमार्टम खापा वनपरिक्षेत्र में किया गया। आरोपियों की तलाश वन विभाग की टीम कर रही है



जानकारी के अनुसार खापा के नागलवाड़ी में सिरोंजी हद अंतर्गत एक भनगाला नामक नाला है। इस नाले में एक बाघ को गिरते हुए कुछ लोगों ने देखा। जिसके बाद तुरंत इसकी जानकारी स्थानीय वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच देखा तो एक 3 से 3.5 साल का बाघ मृतावस्था में पड़ा था। जिसके चारों पैरों के पंजे कटे हुए थे। वहीं उसकी मूंछ व दांत निकाले गये थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत इसकी जानकारी नागपुर के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद परिसर की जांच करने करवाई। जिसमें उन्हें 11 केवी के इलेक्ट्रीफिकेशन के तार मिले। इसकी सहायता से शिकारियों द्वारा बाघ का शिकार करने का अंदेशा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पेंच व्याघ्र प्रकल्प नागपुर के पास एक डॉग स्कॉड हैं, जो कि इस तरह के शिकारियों को ढूंढने के काम आता है। उपरोक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने डॉग स्कॉड की मदद ली है। डॉग स्कॉड ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद आरोपियों की तलाश में वन विभाग की मदद कर रहा है।

जानकारों की माने तो आये दिन बाघों का शिकार होता है। जिसका मुख्य कारण अंधश्रद्धा है। लोगों में बाघों के अंग को लेकर काफी भ्रम फैलाया गया है। जिसमें भोंदु बाबाओं की ओर से पैसों की बारिश से लेकर संतान प्राप्ति तक का लालच दिखाया जाता है। जिसके कारण बाघों के नाखून, मूंछे, दांत यहां तक चमड़ी बहुत ज्यादा महंगी बिकती है। परिणामस्वरुप इनकी तस्करी करनेवाले बाघों को करंट आदि लगाकर मार देते हैं।

# जगह-जगह पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रंगपंचमी

**नागपुर.**

रंगों का त्योहार होली सच में खास होता है। यह त्योहार परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ जोड़ने का काम करता है। जब होली के रंग परिवार के साथ मनाए जाते हैं, तो आपसी रिश्ते और भी मजबूत होते हैं। इस बार होली को एक अलग अंदाज में मनाया गया—थोड़े रंग, थोड़ी मस्ती और ढेर सारा प्यार व गुलाल के साथ।



रंगपंचमी का त्योहार रंगों की बौछार लेकर आता है। यह सिर्फ रंगों तक सीमित नहीं, बल्कि खुशियों से भी भरा होता है। इस मौके पर पूरनपोली, ठंडाई जैसी पारंपरिक व्यंजन बनाए गए, जिससे त्योहार में खाने-पीने का भी खास आनंद रहा। होली के अवसर पर दोस्त, रिश्तेदार एकत्र हुए, एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और रंग-गुलाल लगाया। इस तरह, यह त्योहार दूर हुए रिश्तों को फिर से करीब लाने का भी माध्यम बना।

हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह में होली का पर्व मनाया जाता है। यह त्योहार अलग-अलग जगहों पर विभिन्न नामों से मनाया जाता है और कहीं रंगों से, तो कहीं फूलों व पानी से खेली जाती है। स्थानीय लोगों ने होली की शुरुआत लकड़ियां जलाकर हर्षोल्लास के साथ की। इसके बाद, एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले और शुभकामनाएं दीं। रंगपंचमी के दिन हर घर में स्वादिष्ट पकवान बनाए गए, जिससे यह त्योहार और भी खास बन गया।

## दीवान मंदिर महिला मंडल ने मनाया होली उत्सव

**कामठी.** दीवान मंदिर महिला मंडल ने जूना ओली में होली धूमधाम से उत्सव मनाया। मंडल की महिलाओं ने संगीतमयी खाटू श्याम बाबा भजन कीर्तन व होली गीत गाए। उत्सव दौरान मंदिर में विराजित समस्त देवी देवताओं को केसर और चंदन का टीका लगा कर होली पर्व के पावन व्यंजन का भोग लगाया गया। तत्पश्चात महिला मंडल ने एक दूसरे को फूल, गुलाल, अबीर और प्राकृतिक रंगों से होली खेल कर रंग और प्यार का आनंद लिया। कार्यक्रम के सफलतार्श दीवान मंदिर महिला मंडल की वरिष्ठ महिलाओं में कांता ओझा, शकुन जोपट, निर्मला भाभड़ा के मार्गदर्शन में दीवान मंदिर महिला मंडल की सदस्यों ने सहयोग किया।

## थानेदार आंधले को भाजपा जिला मंत्री बिलरवान ने किया सम्मानित

**कामठी.** नवीन कामठी पुलिस थाना के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले को शासन द्वारा बालस्नेही पुरस्कार अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नागपुर ज़िला मंत्री दिनेश बिल्लरवान के नेतृत्व एवं भाजपा कामठी शहर के कार्याध्यक्ष राज हाड़ोती, कामठी छावनी परिषद के मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव की प्रमुख उपस्थिति भाजपा की ओर से थानेदार महेश आंधले का शाल, पुष्पगुच्छ और समानपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर शहर महामंत्री विजय कोंडुलवार, नरेश कलसे, पंकज वर्मा और अभिनव यादव, नरेंद्र सिंग, राजु चव्हाण, नितिन बिल्लरवान, अंकित धरोड सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी और समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# आंखों में झोंका मिर्च पाउडर और ले भागे नोटों से भरा बैग

## > दिनदहाड़े 11.40 लाख लूटे

**नागपुर.**

लकड़गंज इलाके में बुधवार को एक कारोबारी के नौकर ने बैंक से रकम निकाली और मालिक के कार्यालय में लेकर जा रहा था। इस दौरान दोपहिया वाहन पर आए तीन नकाबपोश लुटेरे नौकर की आंखों में मिर्ची पाउडर झोंककर नोटों से भरा बैग ले भागे। उसमें नकद 11.40 लाख रुपए थे। घटना बुधवार को लकड़गंज इलाके में घास बाजार परिसर के पास निर्माणाधीन इमारत के समीप हुई। इस घटना से कारोबारियों में एक बार फिर हड़कंप मच गया है। चर्चा है कि कुछ दिन पहले भी लूट की एक ऐसी ही घटना सामने आ चुकी है।



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, किरण चिंचमलातपुरे की तीन नल चौक इतवारी में प्रतवी मेटल कंपनी है। उन्हें व्यवहार के लिए रकम चाहिए थी। इस कारण बुधवार को उन्होंने दुकान के नौकर शेख मुजफ्फर उर्फ गुड्डू (48) टिमकी निवासी को बैंक से 11 लाख 40 हजार रुपए का चेक देकर पैसे निकालकर लाने के लिए कहा। शेख मुजफ्फर दोपहर करीब 3 बजे दोपहिया वाहन पर टेलिफोन एक्सचेंज चौक, सीए रोड स्थित बैंक पहुंचा। पैसे निकालने के बाद वह कंपनी के कार्यालय की ओर जा रहा था। घास बाजार चौक से जाते समय एक दोपहिया पर आए तीन नकाबपोशों ने शेख मुजफ्फर को रोका और उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर झोंककर नोटों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। नौकर शोर मचाता रह गया और आरोपी फरार होने में सफल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही लकड़गंज थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक हेमंत चांदेवार, सहायक पुलिस निरीक्षक यशवंत किचक, महिला पुलिस अधिकारी नयना माहुलकर व अन्य सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस परिमंडल 3 की उपायुक्त महक स्वामी और सहायक पुलिस आयुक्त श्वेता खाडे भी घटनास्थल पर पहुंचीं। शेख मुजफ्फर की शिकायत पर लकड़गंज पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज किया है। लकड़गंज में लूटी गई रकम हवाला की होने की चर्चा भी जोरों पर थी, हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर इस दिशा में भी जांच शुरू की है। चर्चा है कि यह रकम एक व्यापारी ने अन्य राज्य से नागपुर में भेजी थी, वह रकम शेख मुजफ्फर को लाने के लिए भेजा गया था। लूट की घटना पूर्व नियोजित तो नहीं थी, इस दिशा में भी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

लकड़गंज और इतवारी को हवाला कारोबार का गढ़ माना जाता है। इतवारी के तीन नल चौक के पास, नंगा पुतला के समीप, पोस्ट ऑफिस के करीब, टांगा स्टैंड चौक, शहीद चौक के पास कई हवाला कारोबारियों का लंबे समय से कारोबार फैला हुआ है। यहां पर कई जगह बैंक लॉकर खोले गए हैं। चर्चा होती रहती है कि इनमें से अधिकांश लॉकरों का उपयोग हवाला कारोबारी अपनी रकम को सेफ रखने के लिए भी करते हैं। शहर के पुलिस परिमंडल 3 के तत्कालीन उपायुक्त गजानन राजमाने ने हवाला कारोबार से जुड़े कुछ कारोबारियों के लॉकरों की जांच-पड़ताल की थी। उस समय शहर के कई हवाला कारोबारी पुलिस के रडार पर आए थे। उन्हें बुलाकर गहन पूछताछ भी की गई थी। इसके बाद राजमाने का तबादला हो गया और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इस घटना के बाद एक बार फिर मामला तूल पकड़ सकता है। गहन जांच-पड़ताल में कई कारोबारियों के नाम सामने आ सकते हैं।

# मातोश्री वृद्धाश्रम में धूमधाम से मना 'रंगोत्सव'

## > आश्रमवासियों को मिला पारिवारिक स्नेह और उत्सव का आनंद

**सावनेर.**

महिला पतंजलि योग समिति और मातोश्री वृद्धाश्रम, सोनपुर आदासा के संयुक्त प्रयास से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली के पावन अवसर पर तीन दिवसीय योग उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन 12 मार्च से 14 मार्च 2025 तक चला, जिसमें वरिष्ठ योग शिक्षक किशोर ढुंढेले के मार्गदर्शन में योग सत्र संपन्न हुआ। इस दौरान महिला पतंजलि तालुका प्रभारी लता ढवले, सुनीता पाल, अमरचंद जैन, विनोद काले सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### वृद्धाश्रम में खुशियों का अनूठा संगम

इस आयोजन को मीडिया टीम ने भी कवर किया, जिसमें सावनेर तहसील के मराठी पत्रकार संघ के पीयूष झिंजूवाडीया, मुकेश झरबडे, सूरज सेलकर, शुभम ढवले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं, मातोश्री वृद्धाश्रम के हरिश्चंद्र सावध, शरद चव्हाण, दिगंबर भगत, मंगला भगत, प्रकाश धोटे और प्रफुल कोल्हेकर ने आयोजन की सफलता में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन हरिद्वार पतंजलि योगपीठ के मुख्य योग शिक्षक किशोर ढुंढेले ने किया, जबकि प्रस्ताविक भाषण मातोश्री वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक प्रदीप चंदनबटवे ने दिया। अंत में युवा व्यवसायी राजू कालबांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया। "रंगोत्सव" का यह भव्य आयोजन वृद्धाश्रम के निवासियों के लिए यादगार बन गया और उनके जीवन में रंग और खुशियां भरने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।

14 मार्च को आयोजित योग सत्र के पश्चात, विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य कर रहे गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसमें नागपुर जिला महिला प्रभारी उर्मिला ताई जुवारकर, पूर्व युवा प्रभारी पंकज बांते, नागपुर जिला मराठी पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष अमरचंद जैन, सरपंच संगीता वासनिक, समाजसेविका रेखा ताई पोटभरे, उद्यमी संजय भोयर और वृद्धाश्रम व्यवस्थापक प्रदीप चंदनबटवे का शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के चेहरे पर जो खुशी दिखाई दे रही है, वह रंगों से भी बढ़कर है। इस तरह के आयोजनों से उन्हें अपनापन और स्नेह महसूस होता है, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है।

14 मार्च को धुलीवंदन के अवसर पर वृद्धाश्रम में रंगोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सावनेर, वृद्धाश्रम के पदाधिकारी, योग शिक्षक, सहयोगी शिक्षक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला पतंजलि योग समिति सावनेर तालुका की लता ताई ढवळे, सुनीता पाल, पराग जुवारकर, राजू काळबांडे, आशा ढुंढेले, सुमीत चौधरी, मोहनेंद्र चौधरी, गोपाल ढुंढेले, गीता ढुंढेले आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, मातोश्री वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक प्रदीप चंदनबटवे और उनकी टीम ने पूरे आयोजन की बेहतरीन व्यवस्था की।इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और वृद्धाश्रम के निवासियों ने गीत, शेरो-शायरी और सामूहिक नृत्य के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया। सभी ने वृद्धाश्रम के निवासियों को रंग लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें खुशियों से सराबोर कर दिया।

डॉ. अमित बाहेती, डॉ. शिवम पुण्यानी, डॉ. गुंजन ढुंढेले, डॉ. आशिष चांडक, निखिल पोटभरे, खापरखेडा पतंजलि के योग शिक्षक लक्ष्मण काले, रंगराव ठाकरे, प्रतीक करंडे, रंजीता ताई, पवन सायरे, आदित्य कछवाह आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# अवैध शराब मामले में वर्धा पुलिस की सख्ती जारी

> अन्य ठिकानों पर भी हो सकती है कार्रवाई



**वर्धा.**

होली त्योहार के दौरान अवैध शराब के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई के बाद वर्धा पुलिस अब अन्य संदिग्ध ठिकानों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी में है। घाटसावली स्थित निर्मल साईं ढाबा से भारी मात्रा में शराब जब्त करने और चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस जांच में यह सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी केवल खुद ही अवैध शराब बेचने का काम नहीं कर रहे थे, बल्कि इनके पीछे एक संगठित गिरोह भी सक्रिय हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, वर्धा जिले के विभिन्न इलाकों में अवैध शराब की आपूर्ति की जा रही थी, जिसे रोकने के लिए पुलिस अब और सख्त कार्रवाई करने की योजना बना रही है।

जांच अधिकारी अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि यह शराब कहां से लाई गई और किन-किन इलाकों में इसे सप्लाई किया जाता था। पुलिस ने कुछ और स्थानों की पहचान की है, जहां अवैध शराब का कारोबार चलने की संभावना है। जल्द ही वहां भी छापेमारी हो सकती है। गिरफ्तार मनीषा जायसवाल, निमेश बिडकर, आशीष कांबले और मनोज चाफले से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन आरोपियों का कोई अन्य आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है।

वर्धा पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन ने साफ कर दिया है कि जिले में अवैध शराब का धंधा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी पुलिस थानों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने इलाकों में इस तरह के मामलों पर पैनी नजर रखें और त्वरित कार्रवाई करें।

### पुलिस को करें सूचित

पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अगर उन्हें कहीं पर अवैध शराब का कारोबार होते हुए दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। गुप्त सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। आने वाले दिनों में वर्धा जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

## अकोला के उमर शिराज़ खान ने लौटाए एटीएम से निकले ₹10,000

**अकोला.**



शहर के मोहम्मद अली रोड, बैदपुरा निवासी उमर शिराज़ खान ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए एक मिसाल पेश की।

घटना तब हुई जब उमर शिराज़ खान 15 मार्च 2025 को अपना भुगतान निकालने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के एटीएम पहुंचे। जब उन्होंने अपना एटीएम कार्ड मशीन में डाला, तो बिना किसी पिन कोड दर्ज किए ही ₹0,000 निकल आए। यह देख वे हैरान रह गए और उन्हें संदेह हुआ कि यह रकम उनकी थी या किसी अन्य व्यक्ति की। उन्होंने तुरंत इस घटना की जानकारी अपने दोस्त शेख कदीर गवडी को दी, जो अकोला में ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत हैं। शेख कदीर ने उन्हें सलाह दी कि यह पैसा एसबीआई की मुख्य शाखा में जमा करा देना चाहिए, ताकि असली हकदार को उसका पैसा मिल सके। इसके बाद, उमर शिराज़ खान और शेख कदीर गवडी ने बैंक की मुख्य शाखा में जाकर यह पूरी घटना बैंक अधिकारियों को बताई और ₹0,000 जमा करा दिए। उनके इस कदम से समाज में ईमानदारी और नैतिकता की एक मिसाल कायम हुई।

एसबीआई के अधिकारियों ने उनकी इस ईमानदारी की सराहना की और कहा कि उमर शिराज़ खान का यह कदम दूसरों के लिए प्रेरणादायक है। इस घटना से साबित होता है कि आज भी समाज में ईमानदार लोग मौजूद हैं, जो सच्चाई और ईमानदारी को प्राथमिकता देते हैं।

## डॉ. अजित प्रसाद जैन का निधन

**वर्धा.**



सेवाग्राम कस्तुरबा अस्पताल के पूर्व मेडिकल सुपरिटेंडेंट और मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. अजित प्रसाद जैन का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे और सेवाग्राम अस्पताल में इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया।

उनका अंतिम संस्कार वर्धा श्मशानभूमि में किया गया। वे कस्तुरबा अस्पताल के बालरोग विभाग प्रमुख डॉ. मनीष जैन और डॉ. प्रमोद जैन के पिता थे।

उनके अंतिम संस्कार में कांग्रेस नेता शेखर शेंडे, प्रवीण हिवरे, डॉ. गोडे, प्रदीप बजाज, कस्तुरबा हेल्थ सोसायटी के अध्यक्ष तापड़िया, सचिन गर्ग समेत कई डॉक्टर, कर्मचारी और हितचिंतक उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय मराठा महासंघ का महिला सप्ताह के तहत विश्व महिला दिवस संपन्न

**वर्धा.**



अखिल भारतीय मराठा महासंघ की ओर से विश्व महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन गीताई नगर, हनुमान मंदिर में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा राजमाता जिजाऊ, पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, क्रांतीज्योति सावित्रीबाई फुले, छत्रपति शिवाजी महाराज और स्वराज्यरक्षक संभाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई।

इसके बाद जिला उपाध्यक्षा कुंदा घाडगे और जिला सचिव माधुरी मोहिते ने "जिजाऊ वंदना" का गायन किया। कार्यक्रम की उद्घाटनकर्ता उषा फाले, अध्यक्ष, उषाकाल बालसदन का स्वागत शहराध्यक्षा साधना पवार ने किया, जबकि प्रमुख अतिथि प्रतिभा माऊसकर का स्वागत मनीषा राजमलवार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ. माधुरी झाडे का स्वागत नलिनी धानोरकर ने किया, वहीं डॉ. जयश्री पवार का स्वागत भावना सोमवंशी ने किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम अध्यक्ष मनीषा निकम ने प्रस्तुत की। इसके बाद, अखिल भारतीय मराठा महासंघ द्वारा "महिला ध्येय वेड्या भरारी" पहल के तहत दो कर्तबगार महिलाओं को सम्मानित किया गया।

रुपाली चेके वर्धा की पहली महिला स्कूल वैन चालक रुपाली चेके को राजमाता जिजाऊ की प्रतिमा और शाल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने सम्मान के उत्तर में कहा कि कोपर्डी घटना से व्यथित होकर उन्होंने लड़कियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी और अपने पति के सहयोग से यह निर्णय लिया। नीता उबाळे: आशा बहुउद्देश्यीय संस्था की अध्यक्षा नीता उबाळे को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राजमाता जिजाऊ की प्रतिमा और शाल देकर सम्मानित किया गया। उद्घाटनकर्ता उषा फाले ने कहा कि महिलाओं को समय के अनुसार कार्यशील रहने के लिए विभिन्न संसाधन उपलब्ध हैं, और उन्हें इसका लाभ उठाना चाहिए प्रमुख अतिथि प्रतिभा माऊसकर ने सभी महिलाओं को मार्गदर्शन देते हुए विश्व महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। विशेष अतिथि रोहिणी बाबर, विभागीय उपाध्यक्षा, ने महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रगति करने के लिए प्रेरित किया।

अध्यक्ष डॉ. माधुरी झाडे ने महिलाओं से संवाद करते हुए बताया कि तनावमुक्त जीवन कैसे जिया जाए और "आनंदी जीवन" की परिभाषा को समझाया।

इस अवसर पर पुष्पा सोमनाथे, पुष्पा मोहोड, विभा दाते सहित कई गणमान्य व्यक्ति मंच पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन युवती जिलाध्यक्षा मोनाली मोहिते ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शहर उपाध्यक्षा पूनम शिंदे ने किया। इस कार्यक्रम में वंदना कडू, शोभा खोडे, ममता वैद्य, सुनीता करडे, ज्योति गौलकार, रेखा इंगोले, कलावती सातपुते, तृप्ती घवघवे, सोनाली सूर्यवंशी, वैशाली महल्ले, शुभांगी घाडगे, उषा निकम, अंकिता जगताप, शुभांगी पोल, वंदना मोहिते, सरिता सालवे, संजीवनी किटे, कविता कठाळे, माया निमकर, नंदा अटालकर, शैलजा माऊसकर, योगिता उरकुडे, स्वाती डूबे सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## कौशल विकास के लिए इंटर्नशिप योजना प्रारंभ, कंपनी में 12 महीने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**गोंदिया.** भारत सरकार ने देश के युवाओं को व्यावहारिक व्यावसायिक अनुभव प्रदान करने, उनके कौशल को विकसित करने और इस प्रकार उन्हें रोजगार योग्य बनाने के लिए 'पीएम इंटर्नशिप योजना' शुरू की है. यह योजना युवाओं को किताबी ज्ञान और वास्तविक कार्य के बीच के अंतर से अवगत कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है. सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में देश में 500 कंपनियों के माध्यम से 1 करोड़ युवाओं को रोजगार योग्य बनाना है. योजना के तहत युवाओं को कंपनी में 12 महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा इस अवधि के दौरान युवाओं को 5,000 रु. प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा. इससे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी. इंटर्नशिप किसी क्षेत्र में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद कुछ दिनों की प्रशिक्षण अवधि होती है, जिसमें उस क्षेत्र में युवक नौकरी शुरू करने से पहले व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं. 21 से 24 वर्ष की आयु के आवेदक इसके लिए पात्र होंगे (आवेदन के अंतिम दिन की आयु पर विचार किया जाएगा). आवेदक भारतीय नागरिक हो, पूर्णकालिक छात्र या पूर्णकालिक कर्मचारी न हो, ओपन यूनिवर्सिटी से अपनी शिक्षा पूरी करने वाले या ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र इस योजना के लिए पात्र होंगे. पीएम इंटर्नशिप योजना के लाभडीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ योजना) के तहत लाभार्थियों को 12 महीने तक 5 रु. प्रति माह की सहायता प्रदान की जाएगी. इसमें से 500 रु. प्रत्येक प्रशिक्षु को कंपनी के सीएसआर फंड से उनके नियमानुसार दिए जाएंगे. जब कंपनी लाभार्थी के खाते में 500 रु. जमा करेगी, तो सरकार डीबीटी प्रणाली के माध्यम से लाभार्थी के खाते में 4,500 रु. स्थानांतरित करेगी. इसके अतिरिक्त, यदि कोई कंपनी किसी लाभार्थी को 500 रु. या उससे अधिक की राशि का भुगतान करना चाहती है, तो वह अपने स्वयं के फंड से ऐसा कर सकती है. जब प्रशिक्षु इंटर्नशिप में शामिल हो जाएगा तो सरकार डीबीटी प्रणाली के माध्यम से लाभार्थी को 6 हजार रु. का भुगतान करेगी.



## युवतियों और महिलाओं का राष्ट्रवादी कांग्रेस में प्रवेश

**वर्धा.**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की वर्धा जिला युवती उपजिलाध्यक्ष कु. तेजस्वी शांताराम पदीले के नेतृत्व में जिले में पार्टी प्रवेश अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अभियान के तहत सिंधी मेघे क्षेत्र में कई युवतियों और महिलाओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) में उत्साहपूर्वक प्रवेश किया।

सिंधी मेघे में आयोजित पार्टी प्रवेश कार्यक्रम के दौरान युवतियों और महिलाओं ने पार्टी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भविष्य में सक्रिय रूप से कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए पार्टी की विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी। इस अवसर पर कु. तेजस्वी शांताराम पदीले ने कहा कि महिलाओं और युवतियों का पार्टी में शामिल होना संगठन के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जिला युवती उपजिलाध्यक्ष कु. प्रियंका पाचखंडे, प्रेमकुमार दिलीप नाइक सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वर्धा पुलिस की सख्त कार्रवाई: अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ एक और बड़ा अभियान

**हिंगनघाट.**

वर्धा जिले की स्थानीय अपराध शाखा ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ लगातार शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वणा नदी के डंकीन घाट से अवैध रूप से रेत निकालने और उसकी ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर चालकों और मालिकों पर हाल ही में की गई कार्रवाई के बाद पुलिस ने इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

जांच के दौरान यह सामने आया है कि यह अवैध कारोबार संगठित रूप से संचालित हो रहा था और इसमें कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस अब रेत माफियाओं के नेटवर्क को तोड़ने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चला रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अवैध रेत खनन का यह धंधा पिछले कई महीनों से चल रहा था। ट्रैक्टर चालक और मालिक बिना किसी रॉयल्टी के रात के अंधेरे में वणा नदी से रेत निकालकर उसे ऊंचे दामों में बेच रहे थे। इस गोरखधंधे में स्थानीय स्तर पर कुछ अन्य लोगों की भी संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि अवैध रेत उत्खनन से न सिर्फ सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा था, बल्कि इससे नदी के प्राकृतिक संतुलन को भी खतरा पैदा हो रहा था। पुलिस ने इस मामले में शाहीद अब्दुल गफार शेख नाम के आरोपी को फरार घोषित किया है और उसकी तलाश तेज कर दी गई है। इसके अलावा, अन्य संभावित आरोपियों की भी जांच की जा रही है। वर्धा पुलिस ने साफ कर दिया है कि जिले में अवैध रेत उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवडे ने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया है कि वे अवैध रेत खनन और ढुलाई करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। स्थानीय अपराध शाखा की टीम लगातार उन स्थानों की निगरानी कर रही है, जहां से अवैध रेत उत्खनन की संभावना है। पुलिस का कहना है कि यदि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से रेत खनन करते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की है कि वे यदि अपने आसपास अवैध रेत खनन होते देखें तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। इससे न सिर्फ प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा होगी, बल्कि अवैध कारोबार को भी रोका जा सकेगा।

### निगरानी बढ़ाई गई, आने वाले दिनों में और छापेमारी संभव

सूत्रों के अनुसार, वर्धा पुलिस अब जिले के सभी नदी घाटों, पुलों और संभावित अवैध खनन स्थलों पर विशेष निगरानी बढ़ाने की योजना बना रही है। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में अवैध रेत माफियाओं के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।







## रंगपंचमी पर खामगांव में पथराव; रंग फेंकने को लेकर हंगामा

> हिरासत में 21 लोग, आवार गांव में भारी पुलिस दल तैनात

**बुलढाणा.** बुलढाणा जिले की खामगांव तहसील के आवार गांव में होली पर डीजे बजाने और रंग फेंकने को लेकर दो गुटों के लोगों में विवाद हो गया. इसके विवाद के चलते यहां जमकर पथराव की घटना भी हुई. इसमें दोनों गुटों के कुल सात लोग घायल हो गये हैं. यह घटना होली के दिन दोपहर की है. घायलों का खामगांव के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है. उधर, पुलिस प्रशासन ने गांव में दंगा नियंत्रण टीम तैनात कर अब तक 21 लोगों को हिरासत में लिया है.

## पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक संजय कुटे का नया रंग

> होली के दिन साइकिल पर भ्रमण



**बुलढाणा.** पूर्व मंत्री और बुलढाणा जिले के जलगांव जामोद निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा विधायक संजय कुटे का होली के अवसर पर रूप सामने आया है। हमेशा कुछ नया करने वाले संजय कुटे ने होली के दिन साइकिल से विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। काम की व्यस्तता से होली के लिए समय मिला। होली खेलने के बाद उन्होंने जलगांव जामोद शहर का भ्रमण किया है। इस मौके पर कभी डीजे के गानों पर ताल मिलाने वाले तो कभी एसटी चलाने वालों को संजय कुटे शहर में साइकिल पर घूमते नजर आए।

# मोदी की 'नीरो' से तुलना करते ही बंद किया गया माइक

> सांसद अमर काले का आरोप, मणिपुर दो वर्षों से जल रहा, सरकार मौन

**वर्धा.**





"जब रोम जल रहा था, तब वहां का राजा नीरो बांसुरी बजा रहा था। आज हमारे देश में भी यही स्थिति है। मणिपुर दो वर्षों से जल रहा है, लेकिन केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।" जैसे ही संसद में यह टिप्पणी की गई, सांसद अमर काले का माइक बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सत्ता पक्ष की तानाशाही है और भाजपा सरकार विपक्ष को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी नहीं दे रही है.

सांसद अमर काले ने मणिपुर राज्य के 2025-26 के बजट पर बोलते हुए कहा कि पूरे देश को मणिपुर की स्थिति की जानकारी है। पिछले दो वर्षों से वहां हिंसा जारी है, लेकिन केंद्र सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा, "'मोदी है तो मुमकिन है'—लेकिन मणिपुर की आग बुझाने के लिए क्या किया गया? सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। मणिपुर में हिंसा 3 मई 2023 को शुरू हुई और 9 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री ने इस्तीफा भी दे दिया, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं आया। आज भी मणिपुर में शांति स्थापित नहीं हो सकी है।"

सांसद अमर काले ने जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना प्राचीन रोम के सम्राट नीरो से की, तो तुरंत उनका माइक बंद कर दिया गया और अगले सदस्य को बोलने के लिए बुला लिया गया। काले ने बताया कि संसद में उन्हें बोलने के लिए सिर्फ 10 मिनट का समय दिया गया था, और जैसे ही उन्होंने यह टिप्पणी की, उन्हें आगे बोलने से रोक दिया गया।

### 'विपक्ष की आवाज़ मत दबाइए'

सांसद काले ने कहा कि लोकतंत्र में केवल सत्ता पक्ष का अस्तित्व नहीं होता, बल्कि विपक्ष की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह विपक्ष की आवाज़ को न दबाए, क्योंकि अगर जनप्रतिनिधियों को संसद में बोलने नहीं दिया जाएगा, तो आम जनता के मुद्दों को न्याय कैसे मिलेगा? उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वे विपक्ष की आवाज़ को दबाने की कोशिश न करें और मणिपुर की ज्वलंत समस्या पर ठोस कदम उठाएं।



## बांध में डूबने से दो युवकों की मौत, तीन को बचाने में मिली सफलता

> कलाम तहसील के खोरद की घटना

**यवतमाल.**

कलंब तहसील के खोराड (बुद्रुक) में पानी में डूबने से दी युवकों की मौत हो गई. वहीं, उनके डूब रहे तीन युवकों को बचा लिया गया। यह घटना होली के दिन गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे की है. मृतक पंकज अशोकराव झाडे और जयवंत पंधारी, आदित्य अंकुश राऊत, पवन वसंतराव घोटेकर और सागर घोटेकर सभी रिश्तेदार हैं। यह सभी होली का त्योहार मनाने के लिए खोराड में अपने बहनोई अरुण भोयर के घर गए थे। होली खेलने के बाद नहाने के लिए ये पाँचो लोग पानी में कूद गए. इस दौरान पंकज झाडे और जयंत पंधारी धन फुले बांध में तैरते समय डूबने लगे. वहां मौजूद पवन घोटेकर, सागर घोटेकर और आदित्य राऊत ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी डूबने लगे. घटनास्थल से कुछ दूरी पर मछली पकड़ रहे कुछ लोगों ने इन युवकों को डूबते देखा और डूब रहे युवकों में से तीन को किनारे लाया गया और उनकी जान बचाई गई। लेकिन तब तक पंकज और जयंत पानी डूब गए थे.









## रंगों में सराबोर नागपुर! होली के जश्न में झूमे बच्चे और बुजुर्ग

नागपुर शहर में होली का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों में सराबोर नजर आए। दक्षिण नागपुर के न्यू ज्ञानेश्वर नगर में भी होली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया, जहां समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। नागरिकों ने बिना किसी भेदभाव के एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर खुशियां मनाईं। पूरे क्षेत्र में रंग-बिरंगी होली की उमंग देखने को मिली। लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक गीतों पर झूमते हुए होली का आनंद लिया.







## वर्धा मार्ग पर भीषण हादसा; बिजली के खंभे से टकराई तेज रफ्तार कार



**नागपुर.**

नागपुर के वर्धा मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सोमालवाड़ा चौक के पास तेज़ रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे एक बड़ा हादसा हो गया। इस टक्कर की चपेट में एक दोपहिया सवार भी आ गया। हादसे में कार सवार एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं और अस्पताल में उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर सोनेगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। बीती रात यह कार नागपुर से वर्धा की तरफ जा रही थी। इस दौरान सोमालवाड़ा चौक के पास तेज रफ्तार होने के चलते ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे पोल से जाकर टकराई। इसी बीच सड़क से जा रहा है कि दुपहिया चालक भी इसकी चपेट में आया। इस हादसे में कार में 4 से 5 लोग सवार थे जो की गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बाद में लोगों ने गंभीर रूप से घायल सभी युवकों को अस्पताल में दाखिल करवाया जहां इलाज के दौरान ऋषिकेश रमेश नितनवरे नामक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस हादसे में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल है जिनका अभी भी अस्पताल में इलाज जारी है। हालांकि इस घटना के समय कार चालक ने शराब पी रखी थी नहीं या नहीं इसका भी खुलासा नहीं हो पाया है। सोनेगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

## धूमधाम से मनाई गई होली, अदा की गई जुम्मे की नमाज़





**कामठी.**

शहर व ग्रामीण भर में शुक्रवार धूमधाम से होली का त्यौहार मनाई गई। सुबह से ही लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाए। इसके साथ ही एक-दूसरे को बधाई और मिठाइयां देकर इस उत्सव का आनंद लिया। होली के मौके पर घरों में पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। वहीं, होली के दिन ही इस्लामी महीने रमजान के दूसरे शुक्रवार की नमाज भी पढ़ी गई। जुमे की नमाज़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। बीते कई दिनों से सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम करने में जुटे हुए थे। इसको देखते हुए सीपी डॉ. रविन्द्र सिंघल, डीसीपी निकेतन कदम, एसीपी विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े, नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, यातायात कामठी विभाग पुलिस निरीक्षक नितीन पतंगे के नेतृत्व में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम देखने को मिला।

इस दौरान पुलिस ने गश्त और पिकेटिंग बढ़ा दी। इसके साथ ही ट्रैफिक और शहर के पुलिस अधिकारी व कर्मियों ने जगह जगह बैरियर ड्यूटी लगाकर संयुक्त पिकेट स्थापित किए और शराब पीकर गाड़ी चलाने और यातायात उल्लंघन की जांच के लिए प्रमुख चौराहों पर विशेष टीमें तैनात की गईं। ताकि नशा करके फर्राटा भरने वालों पर अंकुश लगाया जा सके। सभी लोगों ने खेली होली, सबसे खास बात यह रही कि इस बार होली पर्व में सभी वर्ग के लोग आपस में मिल कर होली खेले। यानी इस बार की होली में जाति-पाति का भेदभाव कहीं दिखा नहीं। सब लोग आपस में मिल जुल कर एक दूसरे को रंग लगाए और डीजे पर नाचते-झूमते होली पर्व की बधाई दिए।

## 'समर्पण पुरस्कार' और 'मोगरा फुलला' कार्यक्रम का आयोजन

**नागपुर.** सहकार क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली श्री संत गजानन महाराज नागरी सहकारी पटसंस्था द्वारा आगामी सोमवार, 17 मार्च को 'समर्पण पुरस्कार' समारोह एवं 'मोगरा फुलला' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे, रेशीमबाग स्थित कविवर्य सुरेश भट सभागृह में संपन्न होगा। संस्थापक स्व. गोविंद मोंढे की स्मृति में हर वर्ष समर्पण पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष के समारोह के अवसर पर महाराष्ट्र में चर्चित कार्यक्रम 'मोगरा फुलला' को नागपुर वासियों के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। यह एक अनूठा कार्यक्रम है, जिसमें भक्तिगीतों और व्याख्यान का सुंदर समावेश देखने को मिलेगा। इस विशेष प्रस्तुति में प्रसिद्ध व्याख्याता एवं प्रबोधनकार गणेश शिंदे और सुप्रसिद्ध गायिका सौ. सन्मिता धापटे-शिंदे अपनी कला से कार्यक्रम को जीवंत बनाएंगे। 'मोगरा फुलला' कार्यक्रम संत ज्ञानेश्वर महाराज के जीवन चरित्र पर आधारित है। इसमें गणेश शिंदे उनके जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को श्रोताओं के सामने प्रस्तुत करेंगे। इन प्रसंगों के दौरान सौ. सन्मिता धापटे-शिंदे अपनी मधुर आवाज में भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगी, जिससे यह संगीतमय व्याख्यान और भी प्रभावशाली बन जाएगा। यह कार्यक्रम निःशुल्क है, और संत गजानन महाराज नागरी सहकारी पटसंस्था के अध्यक्ष ॲड. स्वप्नील गोविंदराव मोंढे ने अधिक से अधिक नागरिकों से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

## फ्लाईओवर से नीचे गिरी कार, युवक की मौत

**नागपुर.** बुटीबोरी-तुलजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टी-पॉइंट के पास एक भीषण दुर्घटना में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई और उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। शुक्रवार की रात नागपुर लौटते समय ड्राइवर ने गलती से कार को चंद्रपुर जाने वाले फ्लाईओवर पर मोड़ दिया। जब ड्राइवर को एहसास हुआ कि वह गलत रास्ते पर आ गया है तो वह असमंजस में पड़ गया और तेज गति से आ रही महिंद्रा 700 कार ने पुल की रेलिंग को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार करीब 20 फीट नीचे जा गिरी। इस दुर्घटना में अरिंजय अभिजीत श्रावणे (18) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बहन अक्षता अभिजीत श्रावणे गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें तुरंत नागपुर के किंग्स वे अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांधी चौक, सदर, नागपुर निवासी सक्षम बाफना, हिमांशु बाफना और मानस बदानी (उम्र 20) होली मनाने वर्धा गए थे। वापस आते समय उन्होंने अरिंजय और अक्षता को भी अपने साथ ले लिया। हालाँकि, यह सुखद यात्रा एक घातक दुर्घटना में बदल गई। बुटीबोरी पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

## एआईएमआईएम ने किया अफ्तार पार्टी का आयोजन











ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लमीन ने ताजआबाद शरीफ, नई सराय में रोजा अफतार कार्यक्रम का आयोजन किया, बाद नमाज खाने का इन्तेजाम भी किया गया. रोजेदारों ने बड़ी संख्या में रोजा अफतार में भाग लिया. एमआईएम पार्टी के रोजा अफतार कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष तथा हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्यारे खान जिया खान एव. हजरत बाबा ताजुद्दीन ओल्ड इज होम के व्यवस्थापक अध्यक्ष हजरत मौलाना इरशाद बदरुल जमा जैसे अन्य मान्यवर रोजदारों ने इसमें शिरकत की. अफतार बाद मौलाना इरशाद साहब की अगुवाई में रोजदारों ने अपनी नमाज अदा की और देश के लिए भाईचारा और अमन-शांति को लेकर दुआएं की. कार्यक्रम का सफल आयोजन एआईएमआईएम पार्टी नेता, शकील पटेल, इसहाक मन्सूरी, शोएब अहमद, सोहेल खान, कलीम मीरकासिम, हाजी रियाज़, सोहेल खान, शाहिद रंगूनवाला, जावेद अख्तर, अय्यूब खान, अमीन ताजी, अशफाक अहमद, सैयद फहीम सर, अफजल पठान, सैयद समीर, निसार ताजी, नूर मोहम्मद, सै-रऊफ, इसहाक कुरैशी, जमील मंडप, हाजी शौकत अली, राशिद खान, नब्बू भाई, फिरोज खान, शाकीर रजा, शकील शेख, युसुफ मन्सूरी, इमरान मन्सूरी, निसार अली, सरफराज शेख, हाजी एजाज के अलावा बड़ी संख्या में रोजेदार मौजूद थे.